CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 138 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार ,06 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# बैंसला बोले- सरकार पत्थर दिल हो गई, समझौते की पालना नहीं हुई तो 30 दिन बाद आंदोलन तय

## पांचोली में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक में बैंसला का तीखा हमला, बोले कमेटी काम नहीं, भाषण दे रही है

**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा।**

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने एक बार फिर राज्य सरकार को खुली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर 30 दिनों के भीतर समाज की लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो गुर्जर समाज आंदोलन की राह पकड़ेगा। बुधवार को बैंसला दौसा जिले के पांचोली गांव में आयोजित गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर अब भी भरोसा है, लेकिन मंत्रियों की कैबिनेट सब कमेटी केवल भाषण और प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यस्त है, काम में नहीं।





बैंसला ने कहा कि पीलूपुरा महापंचायत में हुए समझौते के बाद उप समिति ने कई मुद्दों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, मगर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा शहीद रूपनारायण के आश्रित को नौकरी नहीं मिली, भर्ती में बैकलॉग पूरा नहीं हुआ और केस भी वापस नहीं लिए गए। सरकार ने सिर्फ समाज को भ्रमित किया है। यह बर्दाश्त नहीं होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि समझौते की पालना न होने के पीछे गुर्जर समाज की नहीं, बल्कि कैबिनेट सब कमेटी की कमी है। 'हमने सरकार को 60 नहीं, पूरे 147 दिन दिए, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। अगर कमेटी सिर्फ भाषण देनी है, तो यह काम संघर्ष समिति भी कर सकती है फर्क बस इतना है कि जब हम मीटिंग करते हैं, तो ट्रेनें रुक जाती हैं।

बैंसला ने मुख्यमंत्री से सीधी अपील की रूपनारायण के आश्रित को नौकरी देने की फाइल पर सिर्फ कलम घुमाने में इतना वक्त क्यों? क्या सरकार पत्थर दिल हो गई है? परिवार रोते हुए मेरे पास आते हैं, ये हालत असहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जून में संघर्ष समिति और सब कमेटी की बैठक तय थी, लेकिन अब तक कोई मीटिंग नहीं हुई। बैठक के दौरान मृतक शहीद रूपनारायण के परिजनों की महिलाएं रोते हुए बैंसला के पास पहुंचीं। इस पर उन्होंने कहा, 'हमारे पास 30 दिन का वक्त है, इसके बाद सरकार को समझाने का तरीका बदल जाएगा। कमेटी के तीनों मंत्रियों से जहां भी मिलें, जनता को सवाल जरूर पूछना चाहिए। संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष भूरा भगत ने भी सरकार पर गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंत्रियों की समिति मांगों को लेकर ढिलाई बरत रही है। वहीं पदाधिकारी चरण सिंह बैंसला ने कहा कि कैबिनेट में समाज के मंत्री होते हुए भी मुद्दों का समाधान नहीं हो पा रहा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने साफ कहा कि अगर सरकार ने वादे पूरे नहीं किए, तो आगामी महीने में फिर से सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# माँ ने की 2 साल के बेटे की गला घोंटकर हत्या, फिर खुद कूद गई कुएं में

## पड़ोसी युवक ने कुएं में कूदकर बचाई महिला की जान , पुलिस जुटी जांच में

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

जिले के मोखमपुरा गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। यहां एक मां ने पहले अपने दो साल के बेटे का रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी, फिर शव को फंदे से लटका दिया और खुद कुएं में कूदकर जान देने की कोशिश की। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद एक युवक ने साहस दिखाते हुए कुएं में छलांग लगाई और महिला की जान बचा ली।

घटना भादसोड़ा थाना क्षेत्र की लेसवा ग्राम पंचायत के मोखमपुरा गांव की है। पुलिस के अनुसार, रुक्मणि जाट (28) पत्नी मदनलाल जाट ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अपने बेटे आयुष (2) की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को घर में फंदे से लटका दिया और सीधे गांव के कुएं की ओर दौड़ पड़ी। उस समय कुएं के पास कुछ महिलाएं कपड़े धो रही थीं। वे कुछ समझ पातीं, इससे पहले रुक्मणि ने अचानक कुएं में छलांग लगा दी। महिलाओं के शोर मचाने पर नजदीक के खेत में काम कर रहे किसान ओंकारलाल जाट वहां पहुंचे। उन्होंने तत्काल रस्सी मंगवाई और बिना देर किए कुएं में कूद गए। ओंकारलाल ने रुक्मणि को रस्सी से बांधा और ऊपर खड़े लोगों ने मिलकर दोनों को बाहर खींच लिया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। भादसोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जब उससे कुएं में कूदने का कारण पूछा गया तो रुक्मणि ने जो कहा, उसे सुनकर पुलिस भी दंग रह गई। उसने स्वीकार किया कि उसने अपने बेटे की हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस ने उसके पति मदनलाल जाट को बुलाया और घर जाकर जांच की तो बच्चे का शव फंदे से लटका मिला। पति मदनलाल ने बताया कि वह और रुक्मणि खेत में काम कर रहे थे। दोपहर में उसने कहा कि वह थक गई है और घर जाकर आराम करेगी, लेकिन थोड़ी देर बाद यह हादसा हो गया। इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



मृतक बेटा आयुष



माँ रुक्मणी

भदेसर डीएसपी अनिल शर्मा ने बताया कि हत्या और आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद और रुक्मणि के चिड़चिड़े स्वभाव को कारण माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से तनाव में थी और परिवार के साथ उसका व्यवहार भी ठीक नहीं था।

मृतक के जेठ किशनलाल जाट ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस दुखद वारदात के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

# पायलट का अंता में रोड शो, बोले- भाजपा ने जनता के साथ किया विश्वासघात, कांग्रेस ही लाई विकास की रोशनी



**भीलवाड़ा फोकस @ बांरा ।**

उपचुनाव के प्रचार में बुधवार को अंता पूरी तरह कांग्रेसमय नजर आया, जब पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में पहुंचे। हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुए रोड शो के दौरान पायलट ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि अंता में जितना विकास हुआ है, वह कांग्रेस शासन के दौरान हुआ। कांग्रेस ने हमेशा इस इलाके को विकास की मुख्यधारा में रखा, जबकि भाजपा ने जनता के साथ विश्वासघात किया है।

सचिन पायलट ने कहा कि यहां के भाजपा विधायक को कांग्रेस ने नहीं, बल्कि अदालत ने अयोग्य घोषित किया था। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि वे सदन के सदस्य बने रहने के योग्य नहीं हैं, इसलिए यहां उपचुनाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता इस उपचुनाव में भाजपा की दो साल पुरानी सरकार का आकलन कर रही है। भाजपा ने जो वादे किए, उन सब से मुकर चुकी है। सत्ता और संगठन में अंदरूनी खींचतान टिकट वितरण के समय ही उजागर हो गई थी।

पायलट ने विश्वास जताया कि अंता उपचुनाव में कांग्रेस बड़े बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा, 'सरकार पूरी मशीनरी झोंक रही है, लेकिन जनता कांग्रेस के साथ है। 36 कौम के लोग मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाएंगे। '

बिहार के चुनावों पर बोलते हुए पायलट ने कहा कि वहां डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है।

बुधवार को पायलट करीब दो घंटे की देरी से अंता पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। दोपहर 12:15 बजे एनटीपीसी तिराहे से शुरू हुआ रोड शो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए मांगरोल में समाप्त हुआ, जहां एक विशाल जनसभा आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक चांदना, पूर्व विधायक करण सिंह, जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, निर्मला सहरिया, पानाचंद मेघवाल और उर्मिला जैन भाया सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगी 15 बुलेट मोटरसाइकिलें जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण रोकथाम के लिए थाना पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी 15 बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने कार्रवाई थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में की । टीम ने थाना क्षेत्र में सड़कों पर तेज आवाज करने वाले वाहनों को रोककर जांच की। मौके पर ही कई बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसर खुलवाए, ताकि ध्वनि प्रदूषण को रोका जा सके।

इसके अलावा, कुछ वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर नियम अनुसार नहीं लिखे पाए गए, वहीं कुछ मोटरसाइकिलों पर जाति या संगठन के नाम अंकित थे, जिन्हें पुलिस ने मौके पर हटवाया।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए एमवी एक्ट के नियमों की पूर्ण पालना करें।

# पुष्पा स्टाइल में डोडा चूरा तस्करी का भंडाफोड़, कोटड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1 करोड़ से अधिक का माल जब्त, पिता-पुत्र तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(राजेन्द्र 'बबलू' पोखरना)**

भीलवाड़ा जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने फिल्मी अंदाज़ में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना कोटड़ी और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पानी के टैंकर में छिपाकर की जा रही डोडा चूरा तस्करी का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में 35 कट्टों में भरे कुल 710 किलो 530 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 5 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से तीन शातिर तस्करों रामचन्द्र शर्मा (52) और उसका पुत्र मोनू शर्मा (33) निवासी धनौरा, थाना बेंगू, चित्तौड़गढ़ तथा ट्रैक्टर-टैंकर चालक दिनेश कुमार गुर्जर (26) निवासी भगवानपुरा, बेंगू को गिरफ्तार किया। साथ ही बिना नंबर का ट्रैक्टर-टैंकर और एस्कॉर्टिंग कर रही मारुति ऑल्टो कार भी जब्त की गई।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य, एवं वृताधिकारी कोटड़ी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में की गई।





### गुप्त सूचना ने खोला तस्करी का जाल

थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेंगू थाना क्षेत्र के धनौरा गांव निवासी रामचन्द्र शर्मा और उसका पुत्र मोनू शर्मा बड़ी मात्रा में डोडा चूरा तस्करी में लिप्त हैं। सूचना के आधार पर गेहुली से ककरोलिया घाटी रोड पर आरबी माइन के सामने नाकाबंदी की गई। इसी दौरान बिना नंबर का ट्रैक्टर-टैंकर और उसके आगे चल रही ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई। टैंकर के अंदर प्लास्टिक के कट्टों में भरा डोडा चूरा मिला।

### पुष्पा फिल्म की याद दिलाती तस्करी

पुलिस की यह कार्रवाई बिल्कुल फिल्मी अंदाज़ में हुई। तस्करों ने पानी के टैंकर में डोडा चूरा छिपाकर, पुष्पा फिल्म की तरह चालाकी से पुलिस की नाकाबंदी से बचने की कोशिश की थी। लेकिन कोटड़ी पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ ने उनकी पूरी साज़िश को नाकाम कर दिया।

### मुख्य आरोपी का है आपराधिक इतिहास

मुख्य आरोपी रामचन्द्र शर्मा पूर्व में 65 किलोग्राम अफीम तस्करी के मामले में एनसीबी द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद उसने फिर से तस्करी का धंधा शुरू कर दिया था। लंबे समय से पुलिस उसकी गतिविधियों पर नज़र रखे हुए थी, और आखिरकार वह इस बार जाल में फंस गया।

### पुलिस टीम का रहा उत्कृष्ट योगदान

कार्रवाई में थानाधिकारी महावीर प्रसाद, उपनिरीक्षक राजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल अर्जुन राम, मोती राम, मनोहर, मनीष कुमार, बजरंग, उसमान खां, गोपाल, कन्हैया, शंकर और जिला स्पेशल टीम के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

# कोठारी नदी में मिला लापता बुजुर्ग का शव, तीन दिन पहले बैंक गया था पेंशन लेने

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सांगानेर के तेजाजी चौक के पास बुधवार सुबह कोठारी नदी में एक बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आदर्शनगर निवासी 73 वर्षीय शंकरलाल पुत्र गणेश प्रजापत के रूप में हुई है, जो तीन दिन पहले पेंशन राशि निकालने घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी भीमगंज थाने में दर्ज करवाई थी। सूचना पर सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस का मानना है कि मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण शंकरलाल रास्ता भटककर सांगानेर पहुंचे होंगे। बताया जा रहा है कि उन्हें एक दिन पहले तेजाजी चौक पर बैठे देखा गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# मेवाड़ के प्रयागराज बीगोद त्रिवेणी संगम पर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

## दो लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को बीगोद स्थित त्रिवेणी संगम पर भक्तों का विशाल सैलाब उमड़ा । अलसुबह से ही महिलाएं और बालिकाएं टांटियों में दीप जलाकर नदी में प्रवाहित करने पहुंच गईं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण व्याप्त हो गया।

करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया। स्नान के बाद भक्तों ने नदी तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नारियल, माला, वस्त्र व प्रसाद अर्पित कर पूजा-अर्चना की। मंदिर में चढ़ावे का ढेर लग गया।

महिलाओं ने दीपदान कर परिवार की मंगलकामना की, वहीं कई श्रद्धालु अपने बच्चों और बालिकाओं को रस्सी के घेरे में लेकर संगम तक पहुंचे ताकि भीड़ में सुरक्षा बनी रहे।

पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और संगम क्षेत्र हर हर महादेव और गंगा मैया की जय के जयघोषों से गूंज उठा। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना अधिकारी जय सुल्तान बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू

## सीएमएचओ ने जहाजपुर उप जिला अस्पताल व पंडेर सीएचसी का किया निरीक्षण





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 5 से 7 नवम्बर तक जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थानों का सघन निरीक्षण अभियान शुरू हुआ है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बुधवार को जहाजपुर उप जिला अस्पताल और पंडेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने जहाजपुर अस्पताल में सफाई व्यवस्था को असंतोषजनक पाया और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से उपचार एवं सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया और स्टाफ को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने और निर्धारित यूनिफॉर्म में कार्य करने के लिए पाबंद किया।

वहीं, पंडेर सीएचसी में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। डॉ. गुर्जर ने अधिकारियों को संस्थागत प्रसव बढ़ाने और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

डॉ. गुर्जर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जिले में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड्स के अनुरूप सेवाओं को सुनिश्चित करना है। जिन संस्थानों में मानक पूरे नहीं हैं, वहां मिशन मोड में सुधार कराया जाएगा। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति भी जांची

निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। पंडेर सीएचसी पर 108 एम्बुलेंस ऑफ रोड मिली, जिस पर उन्होंने तुरंत सुधार के निर्देश दिए, जबकि जहाजपुर में 108 सेवा ऑन रोड पाई गई। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को एम्बुलेंस में जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता और क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 114 किलो डोडा चूरा तस्करी का पर्दाफाश, 5 हजार के इनामी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सदर थाना पुलिस ने 114 किलो 57 ग्राम अवैध डोडा चूरा परिवहन के मामले में फरार चल रहे इनामी सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने गोपी रायका (36) निवासी सांडगांव, बिगोद को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

इसके साथ ही पुलिस ने इस तस्करी की एस्कॉर्टिंग करने वाले राकेश पुत्र जोराराम पटेल (29) निवासी अटपड़ा, थाना चंडावल, जिला पाली को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की बीती 11 दिसंबर को थाना सदर क्षेत्र के ग्राम पुरावतो का आकोला सरहद पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान एक वर्ना कार को रोकने का प्रयास किया गया। कार में बैठे दो युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। वाहन की तलाशी में छह प्लास्टिक कट्टों में भरा 114 किलो 57 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ।

इस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। फरार आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया और तकनीकी निगरानी शुरू की गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि फरार अभियुक्तों में से एक गोपी पुत्र शंकर रायका निवासी सांडगांव, बिगोद था। इस पर पुलिस अधीक्षक ने 5 हज़ार का इनाम घोषित किया था। लगातार प्रयासों के बाद 30 अक्टूबर को जिला स्पेशल टीम और थाना सदर की संयुक्त कार्रवाई में गोपी रायका को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने 5 नवंबर को तस्करी की एस्कॉर्टिंग करने वाले आरोपी राकेश पटेल को भी धर दबोचा।

## 5 हजार का इनामी गांजा सप्लायर भी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा।** थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की आपूर्ति करने वाले श्यामलाल पुत्र लेहरू माली 40 वर्ष, निवासी बागोर को भी गिरफ्तार किया है । आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।

कार्रवाई पुलिस ने थानाधिकारी कैलाश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की बीती 12 सितंबर को सुभाषनगर पुलिस को गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक सफेद प्लास्टिक कट्टा लेकर रजिस्ट्रार ऑफिस की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। रोककर पूछताछ में उसने अपना नाम शिवराज पुत्र गोदु बैरवा 23 वर्ष, निवासी ठाकुर गली, शाहपुरा बताया।कट्टे की तलाशी में 12 किलो 410 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की । अनुसंधान के दौरान पुलिस को पता चला कि इस गांजे की आपूर्ति श्यामलाल माली द्वारा की गई थी। इस पर उसे पकड़ने के लिए तकनीकी और मुखबिरी तंत्र की सहायता ली गई। लगातार तलाश के बाद 3 नवंबर को पुलिस ने श्यामलाल माली को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया।

# व्यापारी ने खेत में लगाई फांसी, हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

दरीबा स्थित खेत पर आजाद नगर क्षेत्र के रेडिमेड गारमेंट्स व्यापारी कैलाश बिश्नोई (48) ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के उनका शव पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाकर पोस्टमार्टम करवाया।

कैलाश मंगलवार रात दुकान बंद कर घर आया था और थोड़ी देर बाद खेत की ओर चला गया । आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी है।

# मतदाता सूची अद्यतन अभियान शुरू एसडीएम अजीत सिंह राठौड़ ने किया निरीक्षण, बीएलओ को दी सटीकता बरतने की हिदायत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

ब्लॉक क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची अद्यतन करने का कार्य शुरू हो गया है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं की जानकारी एकत्रित कर सटीक और अद्यतन मतदाता सूची तैयार कर रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं, जिनमें से एक प्रति रसीद के रूप में मतदाता को सौंपी जा रही है।बुधवार को उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने क्षेत्र में चल रहे इस सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता का आधार है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए और प्रत्येक घर तक पहुंच बनाई जाए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम राठौड़ ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और मतदाताओं से फॉर्म भरने की प्रक्रिया को लेकर संवाद भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए ताकि आगामी चुनावों के लिए अद्यतन और सटीक मतदाता सूची तैयार की जा सके।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com






# QUICK BITES

## अभयपुर गांव में नाली और सीसी रोड निर्माण की मांग

### ग्रामीणों ने विधायक मीणा को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

अभयपुर के ग्रामीणों ने नाली और सीसी रोड निर्माण की मांग को लेकर विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण लोकेश सेन ने बताया कि गांव में नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी जमा रहता है, जिससे दुर्गंध और मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। बरसात के दौरान यह स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सीसी रोड नहीं होने से बारिश के समय पानी भर जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में कठिनाई होती है। ज्ञापन में मंदिर से गांव तक डामर सड़क बनाने की मांग भी की गई।

समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक मीणा ने तुरंत जहाजपुर विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि नाली और सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। ग्रामीणों ने विधायक के इस संवेदनशील कदम के लिए आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही गांव में विकास कार्य दिखाई देंगे।

## 251 दीपों की रौशनी में नहाया मंदाकिनी महादेव मंदिर, गूंजे हर हर महादेव के जयघोष

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।





कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को नगर स्थित प्रसिद्ध मंदाकिनी महादेव मंदिर परिसर में दीपों की अद्भुत आभा बिखरी। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में 251 दीपक प्रज्वलित कर भगवान शिव की आराधना की गई। दीपों की लौ से मंदिर परिसर स्थित कुंड का वातावरण अलौकिक और श्रद्धामय बन गया।

भक्तों ने भगवान महादेव को दीप अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। इस दौरान पंडित परमेश्वर पाराशर, परमेन्द्र विजयवर्गीय, बालकिशन विजयवर्गीय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 18 नवम्बर तक चलेगा विशेष संयुक्त जांच अभियान

### जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने दिए सख्त निर्देश, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर सभी विभाग होंगे सक्रिय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में 4 नवम्बर से 18 नवम्बर तक विशेष संयुक्त जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, यातायात नियमों की कठोर पालना सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी विभागों की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान अवधि के दौरान जिलेभर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए।

इस विशेष अभियान में परिवहन, पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचई), सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर निगम, नगर विकास न्यास और शिक्षा विभाग की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

अभियान के दौरान परिवहन विभाग द्वारा बिना वैध दस्तावेज़ जैसे पंजीयन, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ओवरलोडिंग, ओवरक्राउडिंग एवं अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे वाहनों की जांच की जाएगी। बसों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच कर मानक अनुरूप नहीं पाए जाने पर उन्हें जब्त किया जाएगा। शराब पीकर या तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन की सख्त पालना सुनिश्चित की जाएगी, अवैध कटों को बंद किया जाएगा और ब्लैक स्पॉट्स के सुधार का कार्य किया जाएगा। साथ ही सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, आवारा पशुओं को हटाने और अनधिकृत



ढाबों पर कार्रवाई की जाएगी।

यातायात पुलिस विभाग शहर में यातायात नियमों की सख्त निगरानी करेगा। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, ब्लैक फिल्म, मोबाइल पर बात करने और ट्रैफिक लाइट उल्लंघन करने वालों पर चालान की कार्रवाई की जाएगी।

सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करेगा तथा संभावित दुर्घटना स्थलों का सुधार कार्य करेगा। गलत बने स्पीड ब्रेकरों को दुरुस्त किया जाएगा और सड़क मिडियन पर लगी झाड़ियों की कटाई कराई जाएगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा ऑडिट भी कराया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रॉमा सेंटरों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित होंगे तथा गुड सेमेरिटन योजना और सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

नगर निगम और नगर विकास न्यास शहर की सड़कों की मरम्मत, स्पीड ब्रेकरों की दुरुस्ती और दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधार पर विशेष ध्यान देंगे। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि अभियान के दौरान सभी विभाग परस्पर तालमेल रखते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालना करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन में यातायात के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार गतिविधियों को भी गति दी जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर तक लाया जा सके।

## जल संचय जन भागीदारी 1.0 अवार्ड : राष्ट्रीय जल मिशन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला कलेक्टर को किया सम्मानित ,2 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भीलवाड़ा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) 1.0 अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय जल मिशन की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक अर्चना वर्मा, आईएएस ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को संबोधित पत्र में बताया कि भीलवाड़ा ने जल संरक्षण और समुदाय आधारित पहल में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इसके तहत जिले को 2 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। वर्मा ने कहा कि भीलवाड़ा की टीम ने जल सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर समाज में जल के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में विकसित सामुदायिक जल संरक्षण मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

राष्ट्रीय जल मिशन अब जेएसजेबी 2.0 के तहत देशभर में 10 मिलियन वाटर कंजर्वेशन स्ट्रक्चर तैयार करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है, जिसमें भीलवाड़ा की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राजस्थान गौरव कवि योगेन्द्र शर्मा को मिला शब्दगंगा महाशिखर सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

( मूलचंद पेसवानी)। राजस्थान की साहित्यिक धरा के लिए गौरव का क्षण रहा जब शाहपुरा मूल निवासी एवं वर्तमान में भीलवाड़ा में निवासरत सुप्रसिद्ध कवि योगेन्द्र शर्मा को उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आयोजित बीसवें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित शब्दगंगा महाशिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी मौलिक छंदबद्ध रचनाओं और साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया।



महाकवि निराला की भूमि पर आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में विधायक आशुतोष शुक्ल, यूपी पुलिस के डीजीपी राजीव दीक्षित एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय दीक्षित आशु ने कवि शर्मा को शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभागार में गूंजती तालियों ने उनके साहित्यिक कद की झलक दी। सम्मान ग्रहण करते हुए कवि योगेन्द्र शर्मा ने इसे अपने काव्य गुरु स्व. डॉ. युगलकिशोर सुरोलिया को समर्पित किया और कहा कि यह सम्मान गुरु की तपस्या और संस्कारों का आदर है। उन्होंने कहा कि कविता शब्दों का नहीं, बल्कि जीवन की संवेदना और सत्य का संकल्प है। राजस्थान के साहित्यकारों और युवा कवियों ने इस उपलब्धि को प्रदेश की गौरवपूर्ण परंपरा और रचनात्मकता का प्रतीक बताया। उन्नाव से लौटने पर क्षेत्र में कवि शर्मा के स्वागत की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं।

## मंगलपुरा की दुर्गा कुमावत ने पावरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड

### 47 किलो वर्ग में 297.5 किलो वजन उठाकर हासिल किया प्रथम स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मंगलपुरा की बेटी दुर्गा कुमावत ने अपने हौसले और मेहनत के दम पर पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है। सादुलपुर चुरू स्थित रुहि चौधरी कॉलेज की छात्रा दुर्गा ने 4 नवंबर को श्रीगंगानगर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में 47 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 297.5 किलोग्राम वजन उठाया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा दुर्गा कुमावत पिता कन्हैयालाल कुमावत नगर निगम भीलवाड़ा के वार्ड नंबर 1 में रहती हैं। एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर दुर्गा ने साबित किया है कि अगर महिलाएं ठान लें तो



कोई लक्ष्य असंभव नहीं।

दुर्गा ने बताया कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों और एक साल तक चली कमर की इंजरी के बावजूद हार नहीं मानी और लगातार अभ्यास जारी रखा। इसी मेहनत और समर्पण के चलते आज उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। अपनी जीत का श्रेय दुर्गा ने अपने माता-पिता कमला देवी और कन्हैयालाल कुमावत, साथ ही अपने प्रशिक्षकों दिनेश भाटीवाल और विनेश साई को दिया।

## राष्ट्रीय कुश्ती में केसरी नंदन अखाड़े की महिला पहलवानो ने जीते दो पदक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

हरियाणा पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान का बोलबाला रहा । जिसमें भीलवाड़ा के केसरी नंदन अखाड़े की दो महिला पहलवान ने कांस्य पदक जीत कर राजस्थान का मान बढ़ाया द्य केसरी नंदन व्यायाम शाला के अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक व सुखाड़िया स्टेडियम में कार्यरत जगदीश जाट ने बताया कि 62 किलोग्राम वजन वर्ग में चंचल माली पहलवान ने तीसरा स्थान प्राप्त कर राजस्थान के लिए कांस्य पदक हासिल किया द्यसाथ ही खुशी जाट ने 76 किलो ग्राम वजन वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर राजस्थान को एक और कांस्य पदक दिलाया। इस मौके पर केसरी नंदन व्यायाम शाला के संरक्षक राधे



श्याम बाहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट,सचिव अरुण शर्मा,कोषाध्यक्ष महेश पांडे, धर्मेंद्र पारीक नेता प्रतिपक्ष,रतन पहलवान रेलवे,,छोटू लाल माली विष्णु नगवाल,पीयूष शर्मा,शंकर जाट, गोपाल जाट, भैरू पटेल धनराज माली सह प्रशिक्षक,मुकेश जाट,नवीन मारू और व्यायाम शाला के सभी पहलवानों ने पदक विजेता पहलवानों एवं सभी प्रशिक्षकों को बधाई दी ।

# धानेष्वर धाम में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलनः हास्य, श्रृंगार और ओज से गूंजा पावन धाम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा -

**मूलचन्द पेसवानी**

कार्तिक मेले के अवसर पर फूलिया कलां ग्राम पंचायत के तत्वावधान में धानेष्वर धाम में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में देशभर के कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंगलवार देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया।





कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान माया देवी जाट, प्रशासक रतनी देवी जाट और संतपुरुषों ने कवियों का शॉल-साफा पहनाकर स्वागत किया।

मेरठ की कवयित्री शुभम त्यागी ने भावपूर्ण सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद राजस्थानी हास्य कवि ओम आदर्शी ने अपनी रचनाओं से हंसी का माहौल बना दिया। भूपेंद्र राठौड़ कोटा ने ओजपूर्ण कविताओं से देशभक्ति की भावना जगाई, वहीं दिनेश बंटी शाहपुरा ने व्यंग्य और हास्य से दर्शकों को लोटपोट कर दिया।

राजकुमार बादल ने व्यंग्य और श्रृंगार मिश्रित गीतों से मन मोह लिया, जबकि दीपक पारीक की हास्य गजलें खूब पसंद की गईं। कार्यक्रम के समापन पर बाबू बंजारा हाड़ौती ने सूतो कांई है चेतक जाग जैसे गीतों से देशभक्ति की अलख जगा दी।

आखिर में प्रशासक प्रतिनिधि रामधन जाट ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं।

# झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गुरू नानक देव का प्रकाशोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराज मल झूलेलाल सनातन मंदिर में बुधवार शाम सिख धर्म के प्रथम गुरू, मानवता और सद्भाव के प्रतीक श्री गुरूनानक देव जी महाराज का 556वाँ प्रकाशोत्सव भक्ति, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पूज्य हेमराजमल साहब सेवा समिति द्वारा आयोजित इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत गुरूनानक देव जी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद भगवान सत्य नारायण की कथा का वाचन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्म, करुणा, सेवा और सत्य मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कथा के उपरांत भजन-कीर्तन, आकर्षक नृत्य और छेज की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने संयुक्त रूप से इस धार्मिक समारोह को भव्यता प्रदान की। प्रसिद्ध सिंधी भजन गायक बाबू लाल शर्मा ने मुहिंजो बाबो नानक आयो अथई इहो नानक आयो अथई सहित अन्य भजनों की सुरीली प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर कर दिया। भजनों पर समाजजनों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव में चार चाँद लगा दिए।




इसके बाद महाआरती संपन्न हुई तथा पल्लव प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर में दीपों की रौशनी और भक्तों की जयकारों के साथ गुरूनानक देव जी के उपदेशों 'नाम जपो, किरत करो और वंड को'का संदेश गूंजता रहा।

कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी, महंत टेऊंराम भगत, कालू भगत, मनोहर रामनानी, तारा सिंधी, पप्पू भगत, हीरालाल गुरनानी, कांता सिंधी, रमन शर्मा, हेमंत भगत, नवीन भगत, सीमा भगत, भगवंती भगत, रामचंद्र खोतानी, गोदावरी तेजवानी, हरीश सखरानी, दिव्या भगत, कमला गुरनानी, कोमल भगत, कविता सिंधी, गौतम तेजवानी, भगवान सिंधी, आसुदामल, प्रकाश चावला, कमल वैशनानी, मीना गुरनानी एवं कमली भगत सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे और सेवा-सत्कार द्वारा आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल ने दादाबाड़ी जैन मंदिर में किया जीवदया सेवा कार्य

## स्व. श्रीमती मंजू देवी बाफना की पुण्य स्मृति में बाफना परिवार का रहा सहयोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दादाबाड़ी जैन मंदिर प्रांगण में श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल के तत्वावधान में कबूतरों को अनाज डालने का जीवदया सेवा कार्य किया गया।

मंडल अध्यक्ष मधु मेडतवाल ने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य सभी जीवों के प्रति करुणा, संवेदना और सेवा की भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संरक्षिका बसंता डांगी और सुनीता पीपाड़ा ने संदेश दिया कि जीव दया ही सच्ची पूजा है, हर प्राणी में भगवान का वास है।




मंत्री मधु लोढ़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. मंजू देवी बाफना की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें सुंदरलाल बाफना, संदीप बाफना, प्रदीप बाफना और शोभित बाफना परिवार का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी ने नियमित रूप से ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मंजू पीपाड़ा, इंदिरा डांगी, नीलू पानगढ़िया, सुशीला चपलोत, ज्योति पोखरणा, विमला देवी खमेसरा, अर्पिता खमेसरा, शांता देवी बाफना, पारस देवी बाफना, नेमा बाफना, पिंकी कोठारी, सीमा बाफना, सविता बाबेल, शीतल डांगी, सरिता चौधरी, रजनी डोसी, मैना लोढ़ा, ऋषिका खमेसरा, रचना पोखरणा, चंचल कोठारी सहित मंडल की अनेक बहनों की उपस्थिति रही।

मंत्री मधु लोढ़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में नीलू पानगढ़िया द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# कार्तिक पूर्णिमा पर चारभुजानाथ मंदिर पर दीपोत्सव, संगम में लगाई डुबकी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव )**:- सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ स्नान किया और दान कर मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की । कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा रहे, परंपरा के अनुसार इस पावन मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने स्नान, दान कर मनोकामनाओं के पूरा होने की कामना की । क्षेत्र में कार्तिक स्नान कर रही महिलाएं, बालिकाओं व बच्चों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की । वही त्रिवेणी संगम, पुष्कर सरोवर में जाकर डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया । क्षेत्र के ढेलाणा गांव में कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर चारभुजा नाथ मंदिर परिसर पर 151 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया । पुजारी भंवरदास वैष्णव ने बताया कि कार्तिक स्नान कर रही, बालिक-बालिकाओं ने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव के चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में 151 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया । जिस दौरान चारभुजा नाथ से गांव में सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की 7 इस दौरान काली जाट, खुशी जाट,




संगीता जाट, पकंज वैष्णव, रिंकू जाट, कुसुम लता वैष्णव, कोमल जाट, खुशबू वैष्णव, खुशी जाट, रोहित वैष्णव आदि कई मौजूद रहे ।।

## QUICK BITES

# अंता विधानसभा क्षेत्र में बिजोलिया के कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**मानव तिवाड़ी।** अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्या शंकर गौतम, शिवकांत नंदवाना, क्रांति तिवारी, कुलदीप गौतम, ओकेंद्र चौधरी कोटा एवं टीकम जैन बूंदी ने सीसवाली और पचेल गांव में जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा। इस जनसंपर्क अभियान में कस्बे के विशाल तिवाड़ी, मनीष टाक, गजराज सिंह सहित स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महुआ में यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान, रबी फसलों की बुवाई पर संकट के बादल

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

**महावीर वैष्णव,** कस्बे की ग्राम सेवा सहकारी समिति में यूरिया खाद नहीं मिलने से क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद के अभाव में काश्तकारों को अपनी फसलों के लिए यूरिया की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में रबी की फसलों विशेषकर गेहूं, जौ, सरसों, मसूर और चना की बुवाई का दौर चल रहा है। ऐसे में फसलों को पोषण के लिए यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता है। सहकारी समिति में खाद की अनुपलब्धता के कारण कई किसानों को प्राइवेट दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी लागत बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने ग्राम सेवा सहकारी समिति में तत्काल यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके और बुवाई कार्य प्रभावित न हो।

# श्री श्याम एवं बालाजी के महाकीर्तन व भजन संध्या 9 नवंबर को, पोस्टर का किया विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास



क्षेत्र के तस्वारिया गांव में 9 नवंबर को द्वितिय एक शाम श्री खाटू श्याम एवं श्री बालाजी महाराज के महाकीर्तन व भजन संध्या का आयोजन नो नवंबर को किया जायेगा श्री श्याम मित्र मण्डल ने बताया कि श्री श्याम मित्र मंडल व ग्रामवासी द्वारा इसको लेकर श्याम प्रेमी राजकुमार शर्मा, देवकिशन जांगिड़, ब्रिजेश दाधीच, दीपक सुथार, पुरूषोतम दाधीच आदि श्याम प्रेमी ने तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन गणेश जी महाराज के मंदिर में करके श्याम प्रेमि खाटू श्याम व सालासर के लिये रवाना हुयें वहां जाकर श्याम प्रेमि श्याम बाबा को कीर्तन में आने के लिये भाव भरा न्योता देगें इस भव्य कीर्तन व भजन संध्या भजन संध्या में सिंगर दीक्षा राठौड़ कोटा,अभी - अर्जुन पारीक भीलवाड़ा ने अपनी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे

# 108 एम्बुलेंस बनी संजीवनी, रास्ते में हुआ सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** मेहरूकला गांव की एक गर्भवती महिला ने बुधवार को 108 एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कर एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। समय पर मिली एम्बुलेंस सेवा और स्टाफ की तत्परता ने महिला और नवजात दोनों की जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, सोनिया देवी (39) पत्नी मदन रेगर निवासी मेहरूकला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया। एम्बुलेंस पायलट भंवरलाल गुर्जर और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) नारायणलाल गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर महिला को सीएचसी सावर ले जाने के लिए वाहन में बैठाया। रास्ते में प्रसव पीड़ा अधिक बढ़ने पर ईएमटी ने एम्बुलेंस में ही आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया पूरी करते हुए सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही देर में सोनिया देवी ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। एम्बुलेंस सावर पहुंचने पर महिला और नवजात की स्वास्थ्य जांच की गई, दोनों पूरी तरह स्वस्थ पाए गए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।